RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : सोमवार 16 दिसंबर 2024 | वर्ष 06 | अंक 243 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®
खबरें बे-रोकटोक

कचरा टैक्स लगाने के मनपा निर्णय पर उठने लगा सवाल...



Page - 3

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# फडणवीस कैबिनेट 3.0

## भाजपा के 19 मंत्रियों ने ली शपथ

## शिवसेना और एनसीपी के खाते में कितने आए मंत्री पद...



**मुंबई:** महाराष्ट्र की नव निर्वाचित महायुति सरकार का पहला शीतकालीन सत्र सोमवार से नागपुर में शुरू हो रहा है। इसकी पूर्व संध्या पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली महायुति की नई सरकार का पहला कैबिनेट विस्तार रविवार नागपुर में ही संपन्न हुआ। महाराष्ट्र की 15वीं विधानसभा के लिए हुए 20 नवंबर को हुए चुनाव में 230 सीटें जीतने वाली महायुति सरकार के पहले इस मंत्रिमंडल विस्तार के दौरान 39 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली।

शपथ ग्रहण समारोह से पहले अजित पवार ने विधायकों के कार्यकाल को लेकर बड़ा खुलासा किया। नागपुर में कार्यकताओं की एक बैठक में उन्होंने कहा कि हर कोई चाहता है कि उसे कैबिनेट में मौका मिले। लेकिन मंत्री पद कम हैं। इसलिए हम तीनों ने बैठकर फैसला लिया है। कैबिनेट सहयोगियों का पद ढाई साल तक रहेगा। हमने अभी कुछ लोगों को मौका देने का निर्णय लिया है। ढाई साल सबको मौका देंगे। सभी विभागों के साथ न्याय होगा।

### भारतीय जनता पार्टी के 19 मंत्री

चंद्रशेखर बावनकुले - कामठी (विदर्भ) - ओबीसी
राधाकृष्ण विखे पाटिल - शिरडी (पश्चिमी महाराष्ट्र) मराठा
चंद्रकांत पाटिल - कोथरुड (पश्चिमी महाराष्ट्र) मराठा।
गिरीश महाजन - जामनेर (उत्तरी महाराष्ट्र) गुर्जर-ओबीसी
गणेश नाईक - ऐरोली (ठाणे) ओबीसी
मंगल प्रभात लोढ़ा - मलबार हिल- मारवाड़ी
जयकुमार रावल - धुले शहादा- राजपूत
पंकजा मुंडे - (एमएलसी) बीड (मराठवाड़ा) बंजारा समाज-ओबीसी
अतुल सावे -औरंगाबाद पूर्व (मराठवाड़ा) ओबीसी माली
डॉ. अशोक उइके -विदर्भ (आदिवासी)
आशीष शेलार - बांद्रा-पश्चिम (मुंबई) मराठा
शिवेंद्र राजे भोसले - सातारा (पश्चिमी महाराष्ट्र) मराठा
जयकुमार गोरे - माण खटाव (पश्चिम महाराष्ट्र) माली-ओबीसी
संजय सावकारे -भुसावल (उत्तरी महाराष्ट्र) एससी
नीतेश राणे - कंकावली (कोकण) मराठा
आकाश फुंडकर -खामगांव- कुणबी मराठा ओबीसी
राज्यमंत्री : माधुरी मिसाल - पुणे (पश्चिमी महाराष्ट्र) ओबीसी
पंकज भोयर -वर्धा (विदर्भ) कुणबी मराठा
मेघना बोर्डीकर - जिंतूर (मराठवाड़ा) मराठा


### एकनाथ शिंदे की शिवसेना के 11 मंत्री

गुलाबराव पाटिल - (उत्तर महाराष्ट्र) गुर्जर -ओबीसी
दादाजी दगडू भुसे- मालेगांव बाह्य
संजय राठोड - दिग्रस (विदर्भ) ओबीसी बंजारा
उदय रविंद्र सावंत, - रत्नागिरी (कोकण) कायस्थ ब्राह्मण
शंभुराज शिवाजीराव देसाई - पाटन (पश्चिम महाराष्ट्र) मराठा,
संजय पांडुरंग शिरसाट -औरंगाबाद (पश्चिम मराठवाड़ा) अनुसूचित जाति
प्रताप बाबूराव सरनाईक - ठाणे-मजीवाड़ा - मराठा
भरत मारुती गोगावले - महाड (कोकण) ओबीसी मराठा कुणबी
प्रकाश आनंदराव आबिटकर - राधानगरी (पश्चिमी महाराष्ट्र) मराठा।
राज्यमंत्री :
आशीष नंदकिशोर जायसवाल - रामटेक (विदर्भ) ओबीसी-बनिया
योगेश रामदास कदम -दापोली (कोकण) मराठा

### एनसीपी के 9 मंत्री

हसन मुश्रीफ - कागल (पश्चिम महाराष्ट्र) मुस्लिम
धनंजय मुंडे -परली - मराठवाड़ा - बंजारा ओबीसी
दत्तात्रेय विठोबा भरणे -इंदापुर - पश्चिम महाराष्ट्र - धनगर समाज
अदिति सुनील तटकरे -श्रीवर्धन-कोकण - ओबीसी
माणिकराव कोकाटे -सिन्नर-उत्तरी महाराष्ट्र - मराठा
नरहरी झिरवल -डिंडोरी-उत्तर महाराष्ट्र-आदिवासी
मकरंद जाधव -सातारा - पश्चिमी महाराष्ट्र - मराठा
बाबासाहेब पाटिल -अहमदपुर - मराठवाड़ा - मराठा
राज्यमंत्री : इंद्रनील नाईक -पुसद विधानसभा

# मुंबई के गोवंडी में बेस्ट बस ने 25 साल की बाइक सवार को कुचला, ड्राइवर और स्टेस्टिल को गिरफ्तार किया



**मुंबई :** मुंबई के कुर्ला इलाके में बेस्ट बस दुर्घटना में सात लोगों की मौत के कुछ दिनों बाद शहर के गोवंडी इलाके में बेस्ट बस की चपेट में आने से 25 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, दुर्घटना शनिवार देर रात गोवंडी के शिवाजी नगर चौराहे पर हुई। अधिकारियों ने बताया कि बस शिवाजी नगर से कुर्ला बस डिपो जा रही थी, तभी उसने मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मार दी और वह पिछले पहिये के नीचे आ गया। उन्होंने बताया कि बाइक सवार दीक्षित विनोद राजपूत के सिर में गंभीर चोट आई और उसे राजावाडी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने बताया कि अस्पताल लाये जाने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने बेस्ट बस के ड्राइवर विनोद आबाजी रणखंबे (39) और कंडक्टर अविनाश विक्रमराव गिते को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार कर लिया। अधिकारी ने कहा कि मामले की आगे की जांच जारी है। बेस्ट की अनियंत्रित इलेक्ट्रिक बस (ईवी बस) ने सोमवार रात करीब साढ़े नौ बजे कुर्ला (पश्चिम) में एसजी बर्वे मार्ग पर पैदल यात्रियों को कुचल दिया था और कई वाहनों को टक्कर मार दी थी। इस हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई और ड्यूटी पर तैनात 4 पुलिसकर्मियों समेत 42 अन्य घायल हो गए थे। इस दौरान 22 वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए थे।

# माहिम बीच के पास के निवासियों ने बढ़ते उपद्रव के खिलाफ कार्रवाई की मांग की



**मुंबई :** माहिम बीच के आस-पास के निवासी लगातार उपद्रवी आगंतुकों के कारण होने वाली परेशानियों से परेशान हो रहे हैं, जो सुबह 7 बजे से ही शुरू हो जाती हैं और अगले दिन सुबह 5 बजे तक जारी रहती हैं। इस स्थिति ने निवासियों को असुरक्षित और असहाय महसूस कराया है, जिसके कारण उन्होंने अधिकारियों से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। स्थानीय निवासी शोएब भडेला ने अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा, ''सवेरा हाउसिंग सोसाइटी, मखदूम सी पैलेस, जरीन विला और बाउगे हुसैन इमारतों के सामने का समुद्र तट उपद्रवी गतिविधियों का केंद्र बन गया है। कुर्ला, बांद्रा, माहिम और गोवंडी जैसे क्षेत्रों के स्कूली छात्र कक्षाएं छोड़कर यहां इकट्ठा होते हैं, जिससे अव्यवस्था फैलती है।''

निवासियों ने मोबाइल फोन से तेज आवाज में संगीत सुनने, शोरगुल और जोड़ों द्वारा अभद्र व्यवहार करने के साथ-साथ समुद्र तट पर नशीली दवाओं का सेवन करने वालों की मौजूदगी की शिकायत की है। रात में स्थिति और खराब हो जाती है, और सुबह 5 बजे तक उपद्रव जारी रहता है। माहिम निवासी माहिम पुलिस स्टेशन से आग्रह कर रहे हैं कि वे इस समस्या का समाधान करने के लिए वहां स्थायी पुलिस कांस्टेबल तैनात करें।

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## अविश्वास बढ़ाने वाली राजनीति...

यह आश्चर्यजनक है कि विपक्षी दलों ने राज्यसभा सभापति एवं उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने का फैसला किया। विपक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस देकर अपने इरादे जाहिर कर दिए हैं। इसके बाद सत्तापक्ष और विपक्ष में आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला कायम हो गया है। यह तय है कि अविश्वास प्रस्ताव की इस पहल से सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच की कटुता अपने चरम पर पहुंचेगी। यह देश के संसदीय इतिहास में पहली बार है, जब विपक्ष राज्यसभा सभापति को हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव लाने जा रहा है। सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच लोकसभा अध्यक्ष अथवा राज्यसभा सभापति को लेकर मनमुटाव पहले भी देखने को मिला है, लेकिन ऐसा कभी नहीं हुआ कि विपक्ष ने राज्यसभा सभापति को हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव लाने की पहल की हो। लोकसभा हो या राज्यसभा, सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच वाद-विवाद के क्रम में कई बार विपक्ष को पीठासीन अधिकारी के रवैये पर आपत्ति रहती है। इसके बावजूद दोनों पक्षों के संबंध इतने कटु शायद ही कभी रहे हों, जैसे आज दिख रहे हैं।

संसद के दोनों सदन उन्हीं नियम-कानूनों के हिसाब से चलते हैं, जो सत्तापक्ष और विपक्ष ने मिलकर बनाए हैं। आमतौर पर संसद की कार्यवाही चलाने की जिम्मेदारी सत्तापक्ष की होती है और उसमें लोकसभा अध्यक्ष एवं राज्यसभा सभापति की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। दोनों ही सदनों में सदस्यों को पीठासीन अधिकारी के निदेर्शों का पालन करना होता है। इन निदेर्शों के पालन के अभाव में कोई भी सदन नहीं चल सकता। नियम-कानूनों के पालन के अभाव में संसद सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई होती रही है और उन्हें निलंबित एवं निष्कासित भी किया जाता रहा है। कांग्रेस और उसके सहयोगी दल इससे अच्छी तरह परिचित हैं कि उन्हें न तो राज्यसभा में बहुमत प्राप्त है और न ही लोकसभा में। इसके बाद भी वे राज्यसभा सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने जा रहे हैं। यदि विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव लाने के अपने फैसले पर अड़ा रहता है तो सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच की कलह और बढ़ेगी। इसके नतीजे में संसद में काम कम और हंगामा अधिक होगा। विपक्ष यह जानते हुए भी राज्यसभा सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ला रहा है कि उसके पारित होने के कोई आसार नहीं। अविश्वास प्रस्ताव के पारित होने की सूरत तब बनेगी, जब राज्यसभा के साथ लोकसभा भी उसका अनुमोदन कर दे। दोनों सदनों में बहुमत के अभाव में अविश्वास प्रस्ताव का औंधे मुंह गिरना तय है।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 8657861004
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को ब्योरा पेश करने का दिया आदेश...



**मुंबई :** मुंबई हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को यह ब्योरा पेश करने का आदेश दिया कि राज्य के स्वास्थ्य क्षेत्र के बुनियादी ढांचे के लिए बजट में किए गए प्रावधानों की तुलना में कितना धन आवंटित किया गया और कितना खर्च किया गया है। कोर्ट ने सरकार से राज्य के सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में मेडिकल, पैरामेडिकल और अन्य स्टाफ की रिक्तियों का विवरण भी पेश करने को कहा है।

मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति अमित बोरकर की पीठ ने सरकार को हलफनामे में यह बताने का निर्देश दिया कि बजटीय प्रावधान के तहत वितरित धनराशि खर्च क्यों नहीं की गयी। पीठ ने मुख्य रूप से स्पष्ट किया कि उपरोक्त सभी विवरण जिलेवार होने चाहिए।

पिछले साल हाई कोर्ट ने नांदेड़ और छत्रपति संभाजीनगर के सरकारी अस्पतालों में मौत के मामले पर संज्ञान लिया था और खुद जनहित याचिका दायर की थी। इस पर कल हुई सुनवाई के दौरान हस्तक्षेप याचिकाकताओं ने अदालत के समक्ष मुद्दा उठाया कि स्वास्थ्य क्षेत्र में चिकित्सा उपकरणों की खरीद और चिकित्सा बुनियादी ढांचे के लिए बजट में आवंटित धन का उपयोग सरकार द्वारा नहीं किया जा रहा है। इस पर संज्ञान लेते हुए कोर्ट ने उक्त आदेश पारित किया। राज्य के कई सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में बड़ी संख्या में रिक्तियां हैं। परिणामस्वरूप, इन अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों को चिकित्सा, गैर-चिकित्सा और पैरा-मेडिकल स्टाफ की अनुपलब्धता की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। याचिकाकताओं ने अदालत को यह भी बताया कि इस साल के बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई और किनी खर्च की गई इसके अलावा, हम यह जानना चाहते हैं कि कितना धन आवंटित किया गया है और कितना धन खर्च किया गया है और स्वास्थ्य क्षेत्र से संबंधित कितनी रिक्तियां भरी गई हैं और कितनी अभी भी खाली हैं।

पिछली सुनवाई के दौरान भी कोर्ट ने सरकार को खाली पदों को भरने के लिए तत्काल कदम उठाने का आदेश दिया था। राज्य सरकार ने हलफनामा दाखिल कर माना था कि राज्य के सरकारी अस्पतालों में विभिन्न स्तरों पर डॉक्टरों के ५७ हजार ७१४ स्वीकृत पदों में से २० हजार से ज्यादा पद खाली हैं। वर्ष २०२३ के लिए ८,६७४.८५ करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है।

## महाराष्ट्रः महायुति से नाराज हुए रामदास आठवले, अमित शाह से मुलाकात करेंगे



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में महायुति सरकार के मंत्रियों का शपथ ग्रहण समारोह हो रहा है। भाजपा, शिवसेना और एनसीपी के विभिन्न विधायक मंत्री पद की शपथ लेने वाले हैं। हालांकि, इस बीच केंद्रीय मंत्री और भाजपा के सहयोगी दल पढ्क के नेता रामदास आठवले ने महायुति सरकार मंत्री पद न मिलने पर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा है कि हमें निगलेक्ट करना सही नहीं है। आइए जानते हैं आठवले ने और क्या कुछ कहा है।

केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले राज्य में एक भी मंत्री पद ना मिलने से नाराज हैं। उन्होंने कहा है कि उनकी पार्टी को कम से कम 2 मंत्री पद तो देना ही चाहिए था। उन्होंने कहा- ह्हमारी पार्टी एक बड़ी पार्टी है। कार्यकताओं में नाराजगी है। हमें निगलेक्ट करना सही नहीं है। एक भी सांसद ना होने के बाद भी मुझे कैबिनेट पद दिया इसके लिए मैं पीएम मोदी को धन्यवाद कहता हूं।

## मनपा ने एक दिन में हटाए 323 टन डेब्रिज...

### 1462 मनपा कर्मी और 784 स्वयंसेवी संस्था के कर्मचारी हुए शामिल...



**मुंबई :** मनपा प्रशासन ने मुंबई भर में पड़े डेब्रिज को हटाने का अभियान छेड़ा है। मनपा प्रशासन ने दो दिन का अभियान चलाकर शहर में पड़े डेब्रिज को हटा कर मुंबई को स्वच्छ बनाने का कदम उठाया है। पहले दिन मनपा और स्वयंसेवी संस्था के 2246 लोगों को लेकर मुंबई शहर से 427 टन डेब्रिज हटाने का काम किया। मनपा की यह कार्रवाई मुंबई के 24 वार्ड के माध्यम से आज भी जारी रहेगी, इस तरह की जानकारी मनपा अधिकारियों ने दी।

बता दें कि डेब्रिज मुंबई में गन्दगी फैलाने और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने मे मुख्यकारण बन रही है। मनपा प्रशासन ने इसी के चलते 500 टन तक डेब्रिज मुफ्त में उठाने का निणर्य लिया। मनपा प्रशासन ने इसी के चलते शहर में जगह जगह पड़े डेब्रिज और निर्माण कार्य स्थलों पर पड़े मिटटी के टीले को खुद हो कर हटाने का निणर्य लिया। मनपा प्रशासन ने शहर भर में पड़े डेब्रिज को हटाने के लिए दो दिन का अभियान छेड़ा है। मनपा की ओर से शनिवार को मनपा के 24 वार्ड में सफाई कार्य के लिए कुल 2246 लोगों का उपयोग किया गया जिसमें 1462 मनपा कर्मी शामिल हुए थे जबकि 784 स्वयंसेवक भी इस अभियान में शामिल हुए। मनपा की ओर से की गई इस कार्रवाई में पहले दिन 2603 बैरीकेट्स साफ किए गए जिसकी लंबाई लगभग 8 किमी थी। इस सफाई अभियान में कुल 215 मशीन का उपयोग किया गया। जिसमे जेसीबी डंपर पानी के टैंकर और मैकेनिकल स्वीपर, फायर एक्स मशीन का उपयोग किया गया।

## आदित्य ठाकरे ने सीमेंट-कॉक्रीट सड़क की खराब गुणवत्ता को लेकर मुंबई मनपा को घेरा



**मुंबई :** भाजपा के बाद अब शिवसेना (उद्धव) के विधायक आदित्य ठाकरे ने सीमेंट-कॉक्रीट (आरसीसी) सड़क की खराब गुणवत्ता को लेकर मुंबई मनपा को घेरा है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री तथा वर्तमान उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और मुंबई शहर के पूर्व पालक मंत्री दीपक केसरकर और मुंबई उपनगर के पूर्व पालक मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा को निशाने पर लिया है। शनिवार को मातोश्री में पत्रकारों से बातचीत में आदित्य ने कहा कि खराब आरसीसी सड़कें बनाने के लिए राज्य के आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्लू) से जांच कराने की मांग की है। अथवा विधायकों की एक समिति बनाई जाए। जिसमें विशेषज्ञों और पत्रकारों को शामिल किया जाए।

इस समिति के जरिए जांच कराई जाए। आदित्य ने कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को मौका है कि वे राज्य मंत्रिमंडल में पूर्व की सरकार के भ्रष्ट मंत्रियों को शामिल न करे। फडणवीस मंत्रिमंडल में शिंदे, केसरकर और लोढ़ा को शामिल न करें। आदित्य ने कहा कि शेलार खराब सड़कों के निर्माण को लेकर जांच की मांग का नाटक कर रहे हैं। क्योंकि मैंने पूर्व की शिंदे सरकार के समय साल 2022-23 में सड़कों के निर्माण में हुए घोटाला का मुद्दा उठाया था। तब मुंबई भाजपा के नेता उस समय चुप बैठे थे। इससे पहले बीते शुक्रवार को मुंबई भाजपा अध्यक्ष आशीष शेलार ने मुंबई मनपा आयुक्त भूषण गगराणी को आरसीसी की सड़कों की खराब गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की थी। शेलार ने कहा था कि सांताक्रुज पश्चिम के भार्गव रोड की आरसीसी सड़क पर दरार पड़ गई है। इसलिए मुंबई मनपा को सड़क की गुणवत्ता जांच करनी चाहिए।

# पिसे पावर प्लांट के ट्रांसफार्मर में आई खराबी... छह पंप बंद होने से पानी सप्लाई पर पड़ा असर



**मुंबई :** मुंबई को जलापूर्ति करने वाले पिसे पावर प्लांट में एक बार फिर खराबी आने के कारण मुंबई, ठाणे, भिवंडी के कई इलाकों में होने वाली जलापूर्ति पर असर पड़ गया है। ट्रांसफार्मर में आई खराबी के कारण पानी स्पलाई करने वाले 6 पंप बंद हो गए। पंप बंद होने से मुंबई सहित ठाणे, भिवंडी में मनपा की पाइप लाइन से होने वाली सप्लाई में 15 प्रतिशत कटौती की है। बता दें कि पिसे पर 20 पंप के द्वारा पानी की सप्लाई की जाती है। ट्रांसफार्मर में आई खराबी के कारण 6 पंप बंद हो गए, जि नका मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। ट्रांसफार्मर का मरम्मत कार्य रविवार शाम तक पूरा होने की उम्मीद मनपा ने जताई है, जिसके चलते मुंबई में 15 प्रतिशत पानी कटौती होने की जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि पिछले साल इस पंपिंग स्टेशन का ट्रांसफर जल जाने के कारण सभी पंप बंद हो गए थे। पिछले महीने भी पंपिंग स्टेशन में खराबी आने पर 24 घंटे जलापूर्ति कम दबाव से हो की गई थी। मनपा जल विभाग के अनुसार पिसे पावर सब स्टेशन के मुख्य ट्रांसफार्मर नंबर 1 का बी फेज करंट ट्रांसफार्मर शनिवार दोपहर 01:00 बजे अचानक खराब हो गया।

# कचरा टैक्स लगाने के मनपा निर्णय पर उठने लगा सवाल

## भाजपा ने मुंबईकरों पर नया टैक्स लगाने का किया विरोध... शिवसेना ने भी जताया विरोध

**मुंबई :** मनपा प्रशासन ने कचरे का निपटारा करने में बढ़ते खर्च और मुंबई के लोगों को साफ सफाई की अच्छी सुविधा देने के नाम पर मनपा ने मुंबई के लोगो पर कचरा टैक्स लगाने का निणर्य लिया है। मनपा के इस निणर्य का भाजपा ने विरोध किया है। भाजपा नेताओं ने कहा मुंबई करो पर एक नया टैक्स लगाने का निणर्य उस समय नहीं लिया जाता जब मनपा में निर्वाचित प्रतिनि धि नहीं होने पर इस तरह का निणर्य नहीं लिया जा सकता। शिवसेना नेता और पूर्व स्थाई समिति अध्यक्ष ने भी मनपा के निणर्य पर नाराजगी जताई है। बता दे की मनपा ने मुंबईकरों पर



कचरा शुल्क के रूप में न्यून तम 100 रूपए से लेकर 1 हजार रुपये तक टैक्स वसूलने का निणर्य लिया है। मनपा ने लोगों से कचरा टैक्स घरो के क्षेत्रफल के अनुसार लेने का निणर्य लेने का विचार कर रही है। मनपा के इस निणर्य का भाजपा में मनपा नेता रहे विनोद मिश्रा ने विरोध करते हुए कहा कि मनपा लोगो को अच्छी तरहसे साफ सफाई की सुविधा नहीं दे पा रही है। हर बार मनपा का सफाई का अस्तर गिरता जा रहा है। मुंबई अंतरराष्ट्रीय शहर होने के बावजूद स्वच्छता सर्वेक्षण में मुंबई अपने पास के दूसरे शहरों नवी मुंबई जैसे शहरों से पीछे रह रहा है।

मिश्रा ने कहा मनपा में आने वाले नए अधिकारी नया नया प्रयोग करते है। अधिकारी मनपा को अपनी पाठशाला बना लेते है। मुबंई का सफाई का स्तर दिन प्रतिदिन गिरता जा रहा है। मनपा सिर्फ ठेकेदारों में बंध कर रह गई है। उन्होंने कचरा टैक्स लगाए जाने का विरोध करते हुए मनपा को कचरा विभाग में हो रहे भ्रष्टाचार को दूर कर अपना पैसा बचाने पर जोर देना चाहिए मुबंई की जनता पर टैक्स का नया बोझ नहीं डाला जाना चाहिए। मनपा के पूर्व विरोधी नेता रहे भाजपा मुंबई उपाध्यक्ष रविराजा ने मनपा द्वारा कचरे पर टैक्स लगाए जाने के समय पर विरोध जताया है। रविराजा ने कहा कि मनपा में कोई चुनी हुई सरकार नहीं है ऐसे में इस तरह का निणर्य लेना उचित नहीं होगा।

# ड्रग्स डीलर दानिश और कादर गिरफ्तार



**मुंबई :** दक्षिण मुंबई स्थित एलटी मार्ग पुलिस ने दानिश मर्चेंट उर्फ चिकना फैंटम नामक कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक आरोपी की गिरफ्तारी के बाद मिले सुराग के बाद आरोपी दानिश को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद संबंधित मामले की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है। डीसीपी मोहित गर्ग ने बताया कि मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपी के नाम का खुलासा होने के बाद उसे गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के मुताबिक एलटी मार्ग पुलिस ने 8 नवंबर को 144 ग्राम गंजा के साथ मोहम्मद अशिकुर रहमान को गिरफ्तार किया था।

# ठाणे जिले में पीड़ित महिलाओं के लिए परामर्श केंद्र !

**ठाणे :** घरेलू हिंसा, उत्पीड़न और मारपीट जैसी समस्याओं से पीड़ित महिलाओं को राहत देने के लिए ठाणे जिले में पांच परामर्श केंद्र शुरू किए गए हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित इन केंद्रों में विशेषज्ञों की मदद से महिलाओं को मानसिक और कानूनी सहायता प्रदान की जा रही है। इन केंद्रों में महिलाओं की समस्याओं को पहले नामित अधिकारी समझते हैं और फिर उनकी जरूरतों के अनुसार विशेषज्ञों द्वारा काउंसलिंग दी जाती है। जरूरत पड़ने पर कानूनी कार्रवाई का मार्गद- र्शन भी दिया जाता है। ठाणे, कल्याण, शाहपुर,



अंबरनाथ और मुरबाड में शुरू किए गए इन परामर्श केंद्रों में महिलाओं को पुलिस सहायता और मनोचिकित्सक सेवाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024- 2025 के तहत इस योजना की शुरूआत की है। ठाणे जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे ने अपील की है कि महिलाएं इन केंद्रों का लाभ उठाएं।

इन स्थानों पर शुरू किए गए हैं केंद्र परामर्श केंद्र ठाणे जिले के विभिन्न स्थानों पर संचालित हो रहे हैं, जिनमें सामुदायिक परामर्श केंद्र भारतीय महिला संघ (ठाणे), भारतीय महिला महासंघ (कल्याण), महिला विकास केंद्र संस्था (शाहपुर), आश्रय महिला संस्था (अंबरनाथ) और चेतना महिला परामर्श केंद्र (मुरबाड) शामिल हैं। ये केंद्र पीड़ित महिलाओं को मानसिक तनाव से उबारने और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में मददगार साबित हो रहे हैं।

# फर्जी दस्तावेजों के सहारे रह रहे दो बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**भिवंडी।** भिवंडी के शांतिनगर पुलिस ने बाबला कंपाउंड इलाके में बड़ी कार्रवाई करते हुए दो बांग्ला- देशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है, जो फर्जी दस्तावेजों के आधार पर अवैध रूप से भारत में रह रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों में अजगर जहूर शेख और नासिर अब्दुल अजीज बुद्द खुल्लू शामिल हैं। दोनों बांग्लादेश के जयपुर जिले के निवासी हैं और पिछले कुछ समय से नवी बस्ती के एक चाल में रह रहे थे। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने फर्जी पहचान पत्र और अन्य कागजात बनाकर भारतीय नागरिकता हासिल करने की कोशिश की। छापेमारी के दौरान उनके पास से फर्जी दस्तावेज और 3020 रुपये मूल्य का अन्य सामान बरामद किया गया है। पुलिस को शक है कि यह गिरोह लंबे समय से इस प्रकार की अवैध गतिविधियों में शामिल हो सकता है। आरोपियों पर परकीय नागरिक कायदा 1946, पारपत्र अधिनियम 1967, और पारपत्र (भारत प्रवेश) नियम 1950 के तहत गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। गि रफ्तारी के बाद दोनों




को स्थानीय अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। सहायक पुलिस निरीक्षक सुरेश चोपड़े के नेतृत्व में पुलिस टीम अब इस मामले की तह तक जाने की कोशिश कर रही है।

अधिकारियों का कहना है कि यह जांच की जा रही है कि क्या इस गिरोह का कोई अन्य सदस्य भी भिवंडी या आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय है। शांतिनगर पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने विश्वास दिलाया है कि ऐसे मामलों पर कड़ी नजर रखी जाएगी और दोषियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा।

# रशियन लड़कियां कर रही थी देह व्यापार.. ठाणे पुलिस ने महिला दलाल को किया गिरफ्तार

**ठाणे :** ठाणे पुलिस ने वागले एस्टेट और एंटी 'मन ट्रैफिकिंग सेल के सहयोग से देह व्यापार के खिलाफ दो अलग-अलग कार्रवाइयों को अंजाम देकर छह लड़कियों को मुक्त कराया और एक महिला दलाल को गिरफ्तार किया। मुक्त कराई गई लड़कियों में तीन रूस की और तीन भारतीय नागरिक हैं। पहली कार्रवाई वागले एस्टेट पुलिस ने की, जहां मुंबई के जुहू इलाके से जुड़े मास्टरमाइंड दलालों द्वारा फ्यूजन ढाबा के पास देह व्यापार संचालित



किए जाने की सूचना मिली थी। पुलिस को खबर थी कि मोबाइल पर ग्राहकों को लड़कियों की तस्वीरें भेजकर उनकी आपूर्ति की जा रही है। पुलिस उपायुक्त प्रशांत कदम और वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शिवाजी गवारे के मार्गदर्शन में पुलिस निरी- क्षक प्रवीण माने और प्रवीण सावंत की टीम ने मौके पर छापा मारा। इस दौरान तीन रूसी और एक भारतीय लड़की को बचाया गया। पुलिस ने जुहू के मास्टरमाइंड दलालों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। दूसरी कार्रवाई एंटी 'मन ट्रैफिकिंग सेल ने कासा- रवडवली गांव इलाके में की। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक चेतना चौधरी को सूचना मिली थी कि टीएमसी बिल्डिंग में देह व्यापार संचालित किया जा रहा है। पुलिस ने एक नकली ग्राहक को भेजकर दलाल महिला को रंगे हाथों पकड़ा। इस महिला पर पहले भी नई मुंबई में पीटा एक्ट के तहत मामला दर्ज है। जमानत पर रिहा होने के बाद उसने दोबारा इस अवैध कारोबार को शुरू कर दिया था।

# सीमेंट कंक्रीट का काम शुरू नहीं होने पर कार्रवाई की मांग

**मुंबई :** कोलाबा के पूर्व नगरसेवक मकरंद नार्वेकर ने मनपा आयुक्त भूषण गगराणी को पत्र लिखकर सितंबर महीने में सीमेंट कंक्रीट का ठेका देने के बावजूद कोलाबा सहित दक्षिण मुंबई काम नहीं शुरू होने पर कार्रवाई की मांग की है। भाजपा के पूर्व नगरसेवक नार्वेकर ने मनपा आयुक्त को लिखे पत्र में कहा है कि मनपा ने अनुमान से 4 प्रतिशत अधिक दर पर ठेका देने के बावजूद कोलाबा सहित दक्षिण मुंबई में सीमेंट कंक्रीट सड़क का काम शुरू नहीं हुआ है। नार्वेकर और कोलाबा के नागरिकों ने शनिवार को कोलाबा के पहले पास्ता लेन में कोलाबा और दक्षिण मुंबई की सड़कों के खराब अवस्था पर विरोध प्रदर्शन किया। नार्वेकर ने मनपा आयुक्त भूषण गगराणी को पत्र लिखकर कहा कि काम शुरू नहीं करने की जिम्मेदारी सिर्फ ठेकेदार की नहीं बल्कि मनपा के वरिष्ठ अधिकारियों पर भी तय की जानी चाहिए। नए सड़क ठेकेदार अनुमानित दर से 4% अधिक का ठेका दिया गया। उन्होंने बताया कोलाबा में केवल पांच सड़कों पर बैरिकेड लगाए गए हैं जबकि वस्तुतः कोई काम या रखरखाव नहीं किया जा रहा है।

# सर जेजे समूह अस्पताल में नए साल से रोबोटिक सर्जरी की शुरूआत...

**मुंबई :** सर जेजे समूह अस्पताल में नए साल से रोबोटिक सर्जरी की शुरूआत होगी। इसकी तैयारी में डॉक्टरों को प्रशिक्षण देने का कार्य चल रहा है। राज्य सरकार द्वारा संचालित जेजे अस्पताल 180वां वर्ष मना रहा है। इसके उपलक्ष्य में इस वर्ष को उपलब्धियों का साल बनाने की तैयारी में अस्पताल प्रशासन जुटा हुआ है। रोबोटिक सर्जरी शुरू होने से जटिल ऑपरेशन और भी आसानी और सटीक तरीके से संभव हो सकेगी। इस तकनीक का इस्तेमाल करनेवाला जेजे अस्पताल प्रदेश का पहला सरकारी अस्पताल होगा। जेजे अस्पताल में रोजाना हजारों की संख्या में मरीज इलाज के लिए आते हैं। इन मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले इसके लिए अस्पताल प्रशासन हमेशा प्रयल शील रहा है। इसी के तहत जेजे अस्पताल में सर्जरी के लिए रोबोट खरीदी की गई है। इस पर अभी तक 35 करोड़ रुपया खर्च किया गया है। जेजे अस्पताल के सर्जरी विभाग के प्रमुख डॉ. अजय भंडारवार ने बताया कि डॉक्टरों को इस रोबोटिक



सिस्टम को संचालित करने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। फिलहाल उन्हें यह ट्रेनिंग सिम्युलेटर पर दी जा रही है।

जेजे अस्पताल के एक वरिष्ठ सर्जन ने बताया कि कंप्यूटर संचालित 'रोबोट सिस्टम' की मदद से सर्जरी की जाती है। सर्जन एक विशेष जगह पर रहता है, जहां से वह पूरी प्रक्रिया पर नजर रखता है।एक छोटा सा3डी कैमरा और सिक्के के आकार के सर्जिकल उपकरण को छोटे चीरों के माध्यम से रोगी के अंदर रखा जाता है। यह कैमरा सर्जन को 360 डिग्री का दृश्य देता है, जिससे उसके लिए सर्जरी करना आसान हो जाता है। इसके बाद डॉक्टर 3डी कैमरे द्वारा दिखाए गए व्यू के अनुसार रोबोटिक आर्म्स को गाइड करते हैं। दूसरी ओर, सर्जिकल उपकरणों के सही प्लेसमेंट की पुष्टि करने के लिए अन्य सर्जन ऑपरेशन टेबल पर मौजूद रहते हैं। रोबोटिक सर्जरी डॉक्टरों के लि सुविधाजनक और मरीज के लिए फायदेमंद है। एक सर्जन ने बताया कि रोबोटिक सर्जरी का प्रमुख लाभ यह है कि यह बहुत सटीक है। अन्य सर्जरी की तुलना में रोबोटिक सर्जरी में बहुत छोटा कट शरीर पर किया जाता है। जिससे रक्तस्राव व दर्द कम होता है और रिकवरी जल्दी होती है। डॉ. पल्लवी सापले, डीन, जेजे अस्पताल के मुताबिक आमतौर पर जेजे अस्पताल में रोजाना 100 से 150 छोटी-बड़ी सर्जरी की जाती है। रोबोटिक सर्जरी का सबसे फायदा उस सर्जरी में होता है जहां जगह की कमी रहती है जैसे प्रोस्टेट ब्लैडर आदि। ऐसी जगह पर की जानेवाली रोबोटिक सर्जरी एकदम सटीक होती है।

# मुंबई : एलटी मार्ग पुलिस ने दाऊद इब्राहिम के खास गुर्गे दानिश मर्चेंट उर्फ दानिश चिकना को फैंटम ड्रग्स के एक मामले में गिरफ्तार किया

**मुंबई :** एलटी मार्ग पुलिस ने दाऊद इब्राहिम के खास गुर्गे और डोंगरी में उसकी ड्रग्स फैक्ट्री संभालने वाले दानिश मर्चेंट उर्फ दानिश चिकना फैंटम(35) को ड्रग्स के एक मामले में गिरफ्तार किया है। दानिश चिकना के आलावा पुलिस ने इस मामले में एक और साथी कादर गुलाम शेख उर्फ कादिर फंटा (34) को भी गिरफ्तार किया है। मुंबई के जोन 2 के डीसीपी मोहित गर्ग ने बताया कि ड्रग्स के एक मामले में दानिश



चिकना वांटेड आरोपी था।

ड्रग्स के इस मामले में दो अन्य आरोपियों मोहम्मद अशिकुर मो. सहीदूर रहमान(31) और रेहान शकील अंसारी (23) को पिछले महीने गिरफ्तार किया गया था।

यह भी पढ़े -रोबोटिक सर्जरी की सुविधा देनेवाला प्रदेश का पहला सरकारी अस्पताल होगा जेजे इनसे पूछताछ में सामने आया कि दोनों ने ड्रग्स की खरीदी दानिश और कादर से ही की थी। जिसके बाद पुलिस ने वांछित आरोपी दानिश और कादर की तलाश शुरू कर दी थी।आखिरकार13 दिसंबर को पुलिस को इनके डोंगरी इलाके में होने की जानकारी मिली। जिसके बाद पुलिस ने जाल बिछाकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

# मुंबई : सड़क हादसों में मृतकों में से 87 प्रतिशत महिलाएं...

## राष्ट्रीय महामार्गों पर दुर्घटनाएं ज्यादा




**मुंबई :** राज्य के राष्ट्रीय और राज्य महामार्गों पर पिछले साढ़े तीन वर्षों में हुए कुल सड़क हादसों में मृतकों में से ८७ प्रतिशत महिलाएं हैं। यह चौंकानेवाला तथ्य सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत सामने आया है। मुंबई स्थित राज्य के अपर पुलिस महानिदेशक (यातायात) कार्यालय द्वारा उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, १ जनवरी २०२१ से अक्टूबर २०२४ के बीच राज्य में कुल १४,१७० सड़क दुर्घटनाएं हुईं। इनमें ११,८९८ लोग घायल हुए, जबकि ७,२२९ लोगों की जान चली गई। कुल मृतकों में ६,३२६ महिलाएं शामिल हैं। यह आंकड़े सामाजिक कार्यकर्ता अभय कोलाकर ने आरटीआई के माध्यम से उजागर किए। १८ वर्ष से कम उम्र के मृतकों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। वर्ष २०२३ में ४०२ बच्चों की मौत हुई है, जबकि वर्ष २०२१ में यह आंकड़ा ३७३ ही था।

२०२१ से २०२३ के बीच सड़क दुर्घटनाओं में १८ वर्ष से कम आयु के १,२२९ बच्चों की मौत हुई। उसी तरह राष्ट्रीय महामार्गों पर भी राज्य महामार्गों की तुलना ज्यादा दुर्घटनाएं हुई हैं। राष्ट्रीय महामार्गों पर राज्य महामार्गों की तुलना में अधिक दुर्घटनाएं और मौतें हो रही हैं। इस रिपोर्ट से स्पष्ट होता है कि सड़क सुरक्षा को लेकर और अधिक कदम उठाने की आवश्यकता है। खासकर, महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए।

**राष्ट्रीय महामार्गों पर दुर्घटनाएं ज्यादा**

आंकड़ों के अनुसार, राज्य में राष्ट्रीय महामार्गों पर दुर्घटनाओं और मृतकों की संख्या राज्य महामार्गों की तुलना में अधिक है। वर्ष २०२१ में राष्ट्रीय महामार्ग पर कुल ७,५०१ दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें से ४,०८० मौतें हुईं। जबकि राज्य महामार्ग पर ६,३२८ दुर्घटनाएं हुईं कर ३,४११ मौतें हुईं। वर्ष २०२२ में राष्ट्रीय महामार्ग पर ९,४१७ दुर्घटनाएं हुईं और ४,९२३ मौतें हुईं, जबकि राज्य महामार्ग पर ४,८२२ दुर्घटनाएं हुईं और २,५४८ मौतें हुईं। इस प्रकार २०२३ में राष्ट्रीय महामार्ग पर १०,८८१ दुर्घटनाएं और ५,७८० मौतें हुईं, जबकि राज्य महामार्ग पर ४,८२२ दुर्घटनाएं हुईं और २,५४८ मौतें हुईं। वर्ष २०२४ में जनवरी-अक्टूबर तक राष्ट्रीय महामार्ग पर ९,३४८ दुर्घटनाएं हुईं और ४,६८१ मौतें हुईं, जबकि राज्य महामार्ग पर ४,८२२ दुर्घटनाएं हुईं और २,५४८ मौतें हुईं।

# क्रेन पलटने से बाइक सवार जख्मी



**मुंबई :** ईस्टर्न एक्सप्रेस हायवे पर क्रेन पलटने से बाद हादसा घटित हुआ है। इस घटना में एक बाइकसवार का पैर टूट गया। घटना सुबह लगभग 4 बजे की है। जब विक्रोली पश्चिम का राहनेवला दरबार लालता प्रसाद यादव अपने ट्रक पर पाइलिंग मशीन लेकर जा रहा था। लेकिन ट्रक चलने के दौरान अचानक मशीन पलट गई एयर हादसा हुआ। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मामले में पुलिस ने आरोपी यादव के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक ट्रेलर की रफ्तार तेज होने के कारण पाइलिंग मशीन पलट गई। मशीन पलटने की वजह से विपुल पांचाल नामक बाइक सवार का पैर टूट गया। जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया। वह नवी मुंबई से कांदिवली जा रहा था। मामले में ड्राइवर को हिरासत में लिलार आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने घटनास्थल का पंचनामा किया और क्रेन को सड़क से हटाकर रास्ता को क्लियर कर दिया गया है। घटना की वजह से ईस्टर्न हायवे का एक लें छह घंटे बंद रहा था।

# बांद्रा इलाके में हुए हिट-एंड-रनः आरोपी बिहार से गिरफ्तार

**मुंबई :** पुलिस ने बांद्रा इलाके में हुए हिट-एंड-रन केस के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने आरोपी को बिहार से दबोचा है. घटना में 25 वर्षीय मॉडल की मौत हो गई थी. इसके बाद आरोपी ड्राइवर फरार हो गया था, मॉडल अपने दोस्त के साथ बाइक पर सवार थीं, जब एक पानी का टैंकर उनकी बाइक से टकरा गया.



घटना बांद्रा की बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर रोड पर हुई, टक्कर इतनी जोर की थी कि शिवानी सिंह मोटरसाइकिल से उछलकर पानी के टैंकर के पहियों के नीचे आ गई. घटना के बाद टैंकर चालक वाहन से कूदकर दुर्घटनास्थल से फरार हो गया, टक्कर मारने से पहले टैंकर तेज रफ्तार से चल रहा था. गिरफ्तार आरोपी कि पहचान प्रिंचुआर्या अर्जुन चौधरी उम्र 22 साल के रूप में हुई है जो बिहार का रहने वाला है. घटना के बाद बिहार फरार हो गया था. पुलिस के मुताबिक शिवानी सिंह अपने दोस्त के साथ बाइक पर सवार होकर बांद्रा के डॉ.बाबासाहेब अंबेडकर रोड पर पहुंची थीं. तभी उसके सामने तेज रफ्तार टैंकर ने टक्कर मार दी. शिवानी सिंह दोपहिया वाहन से उछलकर टैंकर के पहिए के नीचे आ गई जिसके चलते वो गंभीर रूप से घायल हो गई. उसे नजदीकी भाभा अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने चेक करते ही उसे मृत घोषित कर दिया.

बता दें कि इस साल महाराष्ट्र में हिट एंड रन का यह पांचवां मामला है. मई में पुणे में पोर्शे कार ने बाइक सवार इंजीनियर्स को टक्कर मार दी थी. जिसमें दोनों की मौत हो गई थी. अक्टूबर महीने में ही पुणे में ऑडी कार ने फूड डिलीवरी बॉय को टक्कर मार दी थी. इस दुर्घटना में डिलीवरी बॉय की मौत हो गई थी.

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com